भारतीय रिज़र्व बैंक

RESERVE BANK OF INDIA

www.rbi.org.in

CO.HRMD. RIA./07.50.01/2021-2022 March 15, 2022

Harshit Rathore

महोदया / महोदय, **सूचना का अधिकार अधिनियम - 2005 ,हमारी संदर्भ संख्या :RBIND/R/E/22/00921**	Madam / Sir, **The Right to Information Act, 2005 – Our Ref No: RIA No. RBIND/R/E/22/00921**
कृपया सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत 18 फरवरी 2022 को प्राप्त, अपना आवेदन का संदर्भ लें। उक्त विषय में हम आपको अनुलग्नक के अनुसार सूचित करते हैं। 2. आपकी जानकारी के लिए, भारतीय रिज़र्व बैंक में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी का नाम है , **श्री. राधा श्याम रथ, कार्यपालक निदेशक**, भारतीय रिज़र्व बैंक, केंद्रीय कार्यालय , मानव संसाधन प्रबंध विभाग, सूचना का अधिकार प्रभाग, 21 वी मंझिल, केन्द्रीय कार्यालय बिल्डिंग, फोर्ट, मुंबई – 400001. यदि कोई अपील करनी है तो आप 30 दिन के भीतर प्रथम अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर कर सकते हैं ।	Please refer to your application under RTI Act 2005, received on February 18, 2022. In this connection, we advise you as per Annex. 2. For your information, the name of First Appellate Authority in Reserve Bank of India is **Shri Radha Shyam Ratho,** Executive Director, Reserve Bank of India, Human Resource Management Department, Central Office, Right to Information Act Division, 21st Floor, Central Office Building, Shahid Bhagat Singh Marg, Mumbai 400 001. Appeal, if any, in respect of the above reply should be preferred within 30 days, to the First Appellate Authority.

भवदीय /Yours faithfully

(Sadagoban Mugunthan)

केंद्रीय जन सूचना अधिकारी / Central Public Information Officer

अनुलग्नक: यथोक्त/ Encl: As above

मानव संसाधन प्रबंध विभाग, आर.आई.ए.प्रभाग, केन्द्रीय कार्यालय, भारतीय रिजर्व बैंक, कें.का. बिल्डींग, एसबी..रोड. मुम्बई 400 001,
टेली 022-2264 2678, E-mail: cpiorbi@rbi.org.in

Human Resource Management Department, RIA Division, Central Office, Reserve Bank of India, Central Office Building, S. B. Road, Fort, Mumbai 400 001,
Tel.022-2264 2678 E-mail: cpiorbi@rbi.org.in

Caution: RBI never sends mails, SMSs or makes calls asking for personal information like bank account details, passwords, etc. It never keeps or offers funds to anyone. Please do not respond in any manner to such offers.

हिंदी आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए।

Annex
RBIND/R/E/22/00921
Harshit Rathore

प्रश्न सं	मांगी गयी जानकारी	दी गयी जानकारी
1	Give details of LPT (Language Proficiency Test) question paper of rbi assistant 2019 Kanpur Region.	LPT (Language Proficiency Test) of RBI assistant 2019 Kanpur Region is attached.
2	Give topic wise marks allocation in lpt test of rbi assistant 2019 Kanpur Region	Question paper of Language Proficiency Test of Assistant 2019 consist of 05 questions each of which is of 20 marks.

भारतीय रिज़र्व बैंक, कानपुर
सहायक भर्ती – पैनल वर्ष 2019 – भाषा प्रवीणता परीक्षा

समय – 30 मिनट

पूर्णांक – 100

निर्देश – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसी आधार पर नीचे दिये गए प्रश्नों (1 से 5 तक) का उत्तर दीजिये। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

संचार राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह विकास का अभिन्न अंग हैं। समाज को संचार के बिना न बदला जा सकता है न विकसित किया जा सकता है क्योंकि संचार सामाजिक अंत:क्रिया का ऐसा रूप है, जिसके जरिए लोग एक-दूसरे के विचारों, रवैयों, ज्ञान तथा व्यवहार से प्रभावित होते हैं। विकास कार्यक्रमों में संचार ने बहुत महत्व हासिल कर लिया है। संचार के जरिए ही लोगों को कार्यक्रमों की प्रकृति और उनके उद्देश्यों से अवगत कराया जाता है। विभिन्न संचार पद्धतियों के माध्यम से विकास संबंधी संदेश लक्ष्य समूहों तक पहुँचाये जाते हैं। इससे जनता को तेजी से बदलते समाज के साथ-साथ चलने के लिए आवश्यक नया ज्ञान अर्जित करने में सहायता मिलती है। यह प्रथाओं, विधियों एवं जीवन में गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए नये तत्वों को अपनाने में लोगों की मदद करता है। एक उद्देश्य के रूप में विकास का अर्थ समाज के एक ऐसे नियोजित परिवर्तन से है, जिसमें जीवन और निर्वाह की एक अवस्था से एक ज्ञात लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें मनुष्य उद्देश्य भी है और साधन भी। परिवर्तन के सभी उद्देश्य मनुष्य को बेहतर वस्त्र, भोजन, आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ मनुष्य की भाँति रहने में सक्षम बनाने के लिए हैं।

प्रश्न 1 – संचार के बिना हम किसे नहीं बदल सकते और बिकास नहीं कर सकते?

प्रश्न 2 – संचार के माध्यम से हम किन-किन तत्वों से प्रभावित होते हैं?

प्रश्न 3 – विकास सम्बन्धी लक्ष्य विभिन्न समूहों तक कैसे पहुँचाये जाते हैं?

प्रश्न 4 – संचार की प्रक्रिया में मनुष्य क्या है?

प्रश्न 5 – परिवर्तन के सभी उद्देश्य किसलिए होते हैं?